प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.03.2026/प्रादेशिक समाचार/1100बजे

विधानसभा

विधानसभा का बजट सत्र रविवार के अवकाश के बाद आज फिर शुरू होगा। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे।

सदन की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे शुरू होगी इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्तीय वर्ष 2026–27 के 54 हज़ार 2 सौ 98 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट पर विचार करने व पारित करने के लिए प्रस्ताव रखेंगे, ये बजट वर्ष 2025–26 की तुलना में 3 हज़ार 5 सौ 86 करोड़ रुपये कम है। इससे पहले सत्र की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी और अन्य विधायी कार्य निपटाने के साथ–साथ विभिन्न समीतियों के सभापति अपने–अपने प्रतिवेदनों की प्रति सभापटल पर रखेंगे। आज राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी हिमाचल प्रदेश राज्य को यथा लागू भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 का संशोधन विधेयक भी पेश करेंगे।

ब्रॉडबैंड

केंद्र सरकार की भारत नेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी इस परियोजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों को 91 ब्लॉक मुख्यालयों से 10 जी.बी.पी.एस बैंडविड्थ के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। हमारे शिमला जिला संवाददाता ने बताया कि शिमला जिले की 19 पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में संस्थानों को बंद करने के आलावा कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर योजना को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व भाजपा सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पूर्व भाजपा सरकार 11 लाख से अधिक लोगों को निशुल्क इलाज उपलब्ध करवाने में सफल रही है।

एंट्री टैक्स

राज्य सरकार द्वारा लागू किए जा रहे स्टेट एंट्री टैक्स के खिलाफ पंजाब में रोष बढ़ता जा रहा है। बीते कल बारिश के बीच विभिन्न संगठनों ने भरतगढ़–नालागढ़ को जोड़ने वाले दो स्टेट हाईवे को अढ़ाई घंटे तक जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने ऐलान किया कि 31 मार्च आधी रात के बाद किसी भी समय पंजाब हिमाचल के सभी एंट्री पॉइंट अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने टैक्स कम नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा

पेंशनर्ज

प्रदेश पेंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति अपनी विभिन्न लंबित देनदारियों को अदा ना करने के विरोध में आज शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉ. भीम राव अम्बेडकर चौक में धरना प्रदर्शन करेगी और विधानसभा चौक तक आक्रोश रैली निकाल कर विधानसभा का घेराव करेगी। इस धरना प्रदर्शन में 18 विभिन्न संगठनों के पेंशनर्ज हिस्सा ले रहे हैं। पेंशन भोगियों का आरोप है कि सुक्खू सरकार पिछले तीन वर्षो से 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच रिटायर हुए पेंशनर्ज के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिसका वे पुरजोर विरोध कर रहे हैं ।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर भागों मे आज मौसम साफ है हालांकि ऊंची चोटियों पर हिमपात व निचले क्षेत्रों में कल हुई हल्की बारिश से एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। किन्नौर, लाहौल–स्पीति, कुल्लू की ऊंची चोटियों और छितकुल समेत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल 3 से 20 सेंटीमीटर तक हिमपात हुआ। हिमपात के कारण शिंकुला टॉप से वाहनों की आवाजाही बंद रही लेकिन मनाली–दारचा–कारगयाक–पदम होते हुए लेह को जोड़ने वाले वैकल्पिक यातायात बहाली से लोगों को राहत मिली है। वहीं पर्यटन नगरी मनाली से दोपहर तक अटल–टनल रोहतांग की तरफ से वाहनों की आवाजाही बाधित रही। मौसम विभाग ने आज कुल्लू, मंडी और शिमला में अंधड़ व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा व कांगड़ा के लिए तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट है।

खेलो इंडिया

छत्तीसगढ़ में चल रहे पहले खेलो इंडिया जनजातीय खेल के पांचवें दिन कल हिमाचल प्रदेश के पहलवानों ने दो स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में प्रियंका चौधरी ने 62 किलोग्राम वर्ग में जबकि पुरूष वर्ग में नवीश कुमार ने 97 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

————————